हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 1 अक्टूबर 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 बिजली बिल बकायादारों और चोरी करने वालों पर सख्त हुआ विभाग



09 नपा की उदारता बनी अपने ही सफाई कर्मियों के लिए परेशानी का सबब



खबर संक्षेप

नशामुक्त भारत अभियान के तहत जिला स्तरीय जागरुकता कार्यशाला आज

सागर। नशामुक्त भारत अभियान के तहत जिले में युवाओं एवं विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय प्रशिक्षण-सह-जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशानुसार यह कार्यशाला सुबह 11 बजे, रविन्द्र भवन सभागृह, बस स्टैंड, सागर में आयोजित की जाएगी। कार्यशाला में जिले के समस्त पॉलिटेक्निक, इंजीनियरिंग कॉलेज, आईटीआई, डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों के विभागाध्यक्ष, समस्त शासकीय, निजी हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों के प्राचार्य, सीनियर कन्या, बालक छात्रावासों के अधीक्षक, अधीक्षिकाएं तथा जिला प्रशासन के समस्त जिला अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

कलेक्टर ने फोरलेन उन्नयन परियोजना की समीक्षा की

सागर। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम द्वारा हाइब्रिड एन्युटी मॉडल पर प्रस्तावित मेहलुआ-बीना-खिमलासा से मालथोन तक एसएच-61 फोरलेन बायपास परियोजना की समीक्षा की। वर्तमान में यह मार्ग दो-लेन का है। यह परियोजना कुल 67 किलोमीटर लंबी है, जिसमें से 46 किलोमीटर का हिस्सा सागर जिले में बीना से मालथोन तक निर्मित होगा। यह फोरलेन बायपास मालथोन में आकर एनएच-44 से मिलेगा। यह मार्ग एनएच-346 को एनएच-44 से जोड़ता है, जो क्षेत्रीय, अंतरराज्यीय एवं औद्योगिक यातायात की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

चार आदतन अपराधियों को किया जिला बदर

सागर। जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर प्रतिभा पाल ने आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने को दृष्टिगत रखते हुए 4 आदतन अपराधियों को 10 से 12 माह के लिए जिला बदर करने का आदेश दिया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है। कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में लिप्त आयुष पिता मुकेश जैन, उम्र 21 साल निवासी सिंधी कैंप, संत रविदास वार्ड, थाना मोतीनगर, सागर 10 माह, सौरभ पिता जगभान यादव, उम्र 28 साल निवासी सिमरिया घाट, थाना खुरई शहर, जिला सागर 12 माह, रीतेश पिता हुकुमचंद जाटव, उम्र 30 साल निवासी पगारा रोड, थाना मोतीनगर, सागर 10 माह, अभिषेक पिता सुरेश कुमार अहिरवार, उम्र 24 साल निवासी भीम वार्ड, थाना बीना, जिला सागर 11 माह के लिए सागर जिले व सीमावर्ती जिलों की राजस्व सीमाओं से निष्कासित करने का आदेश दिया है। उनके विरुद्ध न्यायालय में प्रकरण चल रहा है तो वे नियत पेशी पर न्यायालय में उपस्थित हो सकेंगे। परंतु इसके पूर्व अनावेदकों को थाना प्रभारी को लिखित में सूचना देनी होगी तथा न्यायालय में पेशी होने के तुरंत पश्चात जिला दंडाधिकारी के आदेश का पालन सुनिश्चित करना होगा।

रजवास माध्यमिक विद्यालय में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

सागर। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयुक्त, संचालनालय आयुष एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. जोगेंद्र सिंह ठाकुर तथा कलेक्टर के मार्गदर्शन में बुधवार को शासकीय आयुष औषधालय रजवास द्वारा माध्यमिक विद्यालय रजवास में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 103 छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें निःशुल्क औषधियों का वितरण किया गया। विद्यार्थियों को वर्षा ऋतु में अपनाई जाने वाली ऋतुचर्या एवं दिनचर्या, स्वच्छता, संतुलित आहार तथा विभिन्न रोगों से बचाव के उपायों के संबंध में मार्गदर्शन दिया।

रातभर चली सागर पुलिस की कांबिंग गश्त, 287 मामलों में कार्रवाई

64 स्थाई और 204 गिरफ्तारी वारंट तामील, 4 फरार आरोपी गिरफ्तार; 328 गुंडा-हिस्ट्रीशीटरों की हुई चेकिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

जिले में अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर शिकंजा कसने के लिए सागर पुलिस ने मंगलवार रात जिलेभर में एक साथ सघन कांबिंग गश्त अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया के निर्देशन एवं प्रत्यक्ष नेतृत्व में चले अभियान में 600 से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मचारी पूरी रात फील्ड में सक्रिय रहे। पुलिस टीमों ने वारंटियों, फरार आरोपियों, गुंडा-हिस्ट्रीशीटरों और निगरानी अपराधियों की धरपकड़ के साथ होटल, ढाबों और संदिग्ध स्थानों पर दबिश देकर जांच की। अभियान के दौरान 287 मामलों में वैधानिक कार्रवाई की गई।



268 वारंटियों पर कार्रवाई

कांबिंग गश्त के दौरान पुलिस ने वारंटियों के खिलाफ व्यापक कार्रवाई की। 64 स्थाई वारंट तामील किए गए, जबकि 204 गिरफ्तारी वारंट में आरोपियों की गिरफ्तारी की गई। इसके अलावा धारा 170 बीएनएसएस के तहत 15 आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। गंभीर प्रकरणों में फरार चल रहे चार आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया।

328 गुंडा-हिस्ट्रीशीटरों की चेकिंग

अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने जिले के 328 गुंडा, हिस्ट्रीशीटर एवं निगरानी अपराधियों की भौतिक रूप से चेकिंग की। पुलिस ने उनकी वर्तमान गतिविधियों, आवागमन और आपराधिक गतिविधियों से जुड़े पहलुओं की जानकारी जुटाई। इसके साथ ही संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए 183 होटल, ढाबों एवं अन्य संदिग्ध स्थानों पर औचक दबिश देकर जांच की गई।

अवैध शराब पर भी कार्रवाई

कांबिंग गश्त के दौरान अवैध गतिविधियों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। अवैध शराब के मामले में चार प्रकरण दर्ज कर शराब जब्त की गई। यातायात एवं अन्य वैधानिक प्रावधानों के तहत भी कार्रवाई की गई। थाना खुरई क्षेत्र में धारा 185 एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई सहित अभियान में कुल 287 मामलों में वैधानिक कार्रवाई की गई।

पूरी रात फील्ड में रहे एसपी

अभियान की मॉनिटरिंग के लिए पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया स्वयं पूरी रात फील्ड में रहे। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर पुलिस टीमों की कार्रवाई का जायजा लिया और मौके से ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीना जयवीर सिंह भदौरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर नरेंद्र सोलंकी, नगर पुलिस अधीक्षक तथा जिले के सभी एसडीओपी भी अपने-अपने क्षेत्रों में पुलिस टीमों के साथ गश्त और कार्रवाई की निगरानी करते रहे।

पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया ने कहा कि जिले में शांति, सुरक्षा और भयमुक्त वातावरण बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है। अपराध एवं असामाजिक गतिविधियों में लिप्त तत्वों, फरार आरोपियों और वारंटियों के खिलाफ इस तरह के सघन अभियान आगे भी जारी रहेंगे। कानून का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री के निर्देश का असरः आर्य भट्ट छात्रावास का किया निरीक्षण



सागर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग बैठक में दिए गए निर्देशों के कड़ाई से परिपालन में सागर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशानुसार सिटी मजिस्ट्रेट एवं नगर पुलिस अधीक्षक ने डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण दल ने हॉस्टल परिसर और कमरों की बारीकी से जांच की। इस कार्यवाही का मुख्य उद्देश्य छात्रावासों में नशा मुक्ति सुनिश्चित करना, अवैध गतिविधियों पर रोक लगाना और विद्यार्थियों के लिए एक सुरक्षित तथा स्वास्थ्यवर्धक शैक्षणिक वातावरण निर्मित करना है। जाँच के दौरान परिसर की सुरक्षा व्यवस्था एवं अनुशासन से संबंधित विभिन्न पहलुओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने छात्रावास में रह रहे छात्रों से सीधे बातचीत की। उन्होंने विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए उनसे अपील की कि वे स्वयं को एवं अपने साथियों को नशे जैसी कुरीतियों से दूर रखें। अधिकारियों ने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं और किसी भी प्रकार का नशा उनके करियर तथा स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शैक्षणिक संस्थानों और छात्रावासों में नशे के कारोबार या इसके उपयोग को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। युवाओं को नशे से बचाने के लिए इस प्रकार के औचक निरीक्षण और जागरूकता अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।



वन अधिकार अधिनियम के तहत सीएफआरआर पर अंतरविभागीय हाइब्रिड कार्यशाला आयोजित

सागर। जनजातीय प्रकोष्ठ द्वारा वन अधिकार अधिनियम के तहत सामुदायिक वन संसाधन अधिकार सीएफआरआर के संबंध में एक अंतरविभागीय हाइब्रिड कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी कक्ष से कलेक्टर प्रतिभा पाल, अपर कलेक्टर अविनाश रावत, डीएफओ, सहायक आयुक्त वन सहित प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।कार्यशाला में वन संरक्षण में जनजातीय समुदायों की भागीदारी सुनिश्चित करने, वन अधिकार दावों का शीघ्र निराकरण कर पात्र हितग्राहियों को पट्टों का वितरण करने तथा पोषणीय नीति के तहत व्यक्तिगत और सामुदायिक वन अधिकार प्रदान करने पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान अध्यक्ष जनजातीय प्रकोष्ठ ने समस्त कलेक्टर्स को निर्देशित किया कि जिन वन क्षेत्रों में वन्य जीवों का आवागमन होता है, ऐसे संवेदनशील क्षेत्रों को छोड़कर अन्य सभी वन क्षेत्रों में वन अधिकार दावों के क्रियान्वयन को प्राथमिकता दी जाए। यह कार्यशाला अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वनवासियों के अधिकारों, गरिमा एवं आजीविका की बहाली तथा अधिनियम के अंतर्गत वन संसाधनों पर उनके उचित स्वामित्व के माध्यम से जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित की गई। कार्यशाला में अधिनियम के कार्यान्वयन को मजबूत करने, सभी मान्यता प्राप्त वन अधिकारों, जिसमें व्यक्तिगत वन अधिकार, समुदाय अधिकार एवं समुदाय वन संसाधन अधिकार शामिल हैं, के लिए महत्वपूर्ण चुनौतियों एवं समाधानों पर विचार-विमर्श किया गया।

नोबल पुरस्कार विजेता प्रो. अमर्त्य सेन के आर्थिक विचारों से रूबरू हुए विद्यार्थी

प्रस्तुतीकरण, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर निर्माण व लेख लेखन के माध्यम से विद्यार्थियों ने समझा 'क्षमता दृष्टिकोण' और कल्याणकारी अर्थशास्त्र का व्यावहारिक महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



पंडित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य (अग्रणी) महाविद्यालय, सागर की प्राचार्या डॉ. सरोज गुप्ता के निर्देशन में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा नोबेल पुरस्कार विजेता प्रो. अमर्त्य सेन के आर्थिक योगदान से परिचित कराने हेतु "आइये अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन को जानें" विषय पर शैक्षणिक प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया।

इसमें स्नातक व स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों ने प्रस्तुतीकरण, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर निर्माण एवं लेख लेखन में बढ़-चढ़कर सहभागिता की।आयोजित प्रतियोगिताओं के परिणामों में पोस्टर प्रस्तुतीकरण में अभिषेक अहिरवार प्रथम तथा पूजा आठिया द्वितीय स्थान पर रहे। इन्होंने अपने पोस्टरों के माध्यम से प्रो. सेन के प्रसिद्ध 'क्षमता दृष्टिकोण' और कल्याणकारी अर्थशास्त्र को दर्शाया।

वहीं शोभना वाल्मीकि, अभिषेक अहिरवार, जयपाल अहिरवार, रोहिणी एवं हिमांशु नामदेव ने पीपीटी प्रस्तुतीकरण तथा अन्य विद्यार्थियों ने क्विज प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विभागाध्यक्ष डॉ. अभिलाषा जैन ने बताया कि इस आयोजन का ध्येय विद्यार्थियों में अर्थशास्त्र के सिद्धांतों के प्रति व्यावहारिक व सामाजिक समझ विकसित करना है। आयोजन में सहायक प्राध्यापक आयुष बड़कुल एवं रश्मि दुबे का सराहनीय योगदान रहा। महा विद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. संदीप सबलोक ने बताया कि प्राचार्या डॉ. सरोज गुप्ता के मार्ग दर्शन में आयोजित इन गतिविधियों से विद्यार्थियों में मौलिक चिंतन और शोधपरक दृष्टिकोण का निरंतर विकास हो रहा है।



नगर पालिका ने भवन व प्लाट के 162 नामांतरण प्रकरणों की स्वीकृति दी

गढ़ाकोटा। मंगलवार को नगर पालिका में भवन एवं प्लाट नामांतरण से संबंधित प्रकरणों की स्वीकृति को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में नामांतरण के लिए प्रस्तुत आवेदनों एवं दस्तावेजों की जांच करते हुए संबंधित प्रकरणों पर चर्चा की गई। नपा अध्यक्ष संगीता तिवारी एवं नपा उपाध्यक्ष, पार्षदों द्वारा सर्व सहमति से 162 नामांतरण प्रकरणों की मंजूरी दी गई। बैठक में सभी पार्षद गण, एल्डरमैन एवं सीएमओ धनंजय गुमास्ता, संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



पितृपक्ष पर दीनदयाल रसोई को मिल रहा जनसहयोग

सागर। नगर निगम क्षेत्र में दीनदयाल रसोई योजना अंतर्गत संचालित केन्द्रों एवं चकराघाट पर मोबाईल रसोई बेन के माध्यम से नागरिकगणों ने पितृपक्ष पर अपने परिजनों की स्मृति में दान देकर लोगों को निःशुल्क भोजन कराया। नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार एन.यू.एल.एम.शाखा द्वारा दीनदयाल रसोई योजना के माध्यम से नागरिकों द्वारा दान दी जा रही राशि से हितग्राहियों को भोजन कराया जा रहा है। एन.यू.एल.एम.के सिटी मैनेजर विक्रम जैन ने बताया कि पितृपक्ष के अवसर पर नागरिकगण अपने पूर्वजों की स्मृति में एवं अन्य अवसरों पर नगर निगम द्वारा संचालित दीनदयाल रसोई योजना के केन्द्रों के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को भोजन करा रहे हैं। सोमवार को योजनान्तर्गत संचालित मोबाइल रसोई को एलिवेटेड कॉरिडोर चकराघाट पर लगाया गया था। पालिक निगम द्वारा डॉ.हरीसिंह गौर मुख्य बस स्टेण्ड परिसर, जिला चिकित्सालय एवं जिला चिकित्सालय परिसर स्थित स्मार्ट सिटी के भवन के साथ ही मोबाईल बेन के माध्यम से जरूरतमंदों को भोजन वितरित किया जाता है। पितृ पक्ष तक मोबाईल बेन प्रतिदिन ऐलिवेटेड कॉरीडोर चकराघाट पर सुबह 10 बजे से 12 बजे तक खड़ी रहेगी। जो भी नागरिकगण जरुरतमंदों को भोजन कराना चाहते है वह दीनदयाल रसोई केन्द्रों पर आकर दान राशि जमा कर सकते हैं। सभी दानदाताओं की जानकारी मोबाईल बेन पर एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित की जा रही है।

ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस का कलेक्ट्रेट घेराव

कैंट मॉल से कलेक्ट्रेट तक निकाला पैदल मार्च, बैरिकेडिंग पर पुलिस ने चलाया वाटर कैनन, कई कार्यकर्ताओं को चोटें आने का दावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और चुनावी प्रक्रिया में निष्पक्षता की मांग को लेकर बुधवार को जिला ग्रामीण एवं शहर कांग्रेस कमेटी ने कलेक्ट्रेट का घेराव किया। जिले की आठों विधानसभा क्षेत्रों से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदर्शन में शामिल हुए। कैंट शॉपिंग मॉल से कलेक्ट्रेट तक निकाले गए पैदल मार्च को चंद्रा पार्क के पास पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर रोकने का प्रयास किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के आगे बढ़ने पर पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। कांग्रेस ने दावा किया कि कार्रवाई में कई कार्यकर्ताओं को चोटें आई हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन के दौरान 'ज्ञानेश हटाओ-लोकतंत्र बचाओ' और 'सरकार जब-जब डरती है, पुलिस को आगे करती है' सहित कई नारे लगाए। प्रदर्शन के दौरान कुछ कार्यकर्ता मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के मुखौटे लगाए हुए भी नजर आए।

दोपहर 1 बजे शुरू हुआ मार्च

कांग्रेस का पैदल मार्च दोपहर करीब 1 बजे सिविल लाइंस स्थित कैंट शॉपिंग मॉल से शुरू हुआ। बड़ी संख्या में कांग्रेसजन हाथों में पार्टी के झंडे और नारे लिखी तख्तियां लेकर कलेक्ट्रेट की ओर रवाना हुए। चंद्रा पार्क के पास पहले से तैनात पुलिस बल ने बैरिकेडिंग कर प्रदर्शनकारियों को रोक दिया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आगे बढ़ने का प्रयास किया तो पुलिस ने वाटर कैनन से पानी की बौछार कर उन्हें पीछे हटाने का प्रयास किया। कांग्रेस नेताओं ने कार्रवाई को लोकतांत्रिक तरीके से किए जा रहे प्रदर्शन को दबाने का प्रयास बताया। प्रदर्शन के दौरान कमलेश साहू (सुरखी), विक्रम ठाकुर और समीर खान सहित कुछ कार्यकर्ताओं के घायल होने की जानकारी कांग्रेस की ओर से दी गई।



निष्पक्ष चुनाव की मांग को लेकर संघर्ष जारी रहेगा : मोहासा

जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मोहासा ने कहा कि प्रदर्शन में जिले की सभी आठों विधानसभा क्षेत्रों से कांग्रेसजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि यह निष्पक्ष चुनाव और लोकतंत्र की रक्षा की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एकजुटता है। चुनावी निष्पक्षता को लेकर सवाल उठ रहे हैं। शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर वाटर कैनन का प्रयोग लोकतांत्रिक आवाज को दबाने का प्रयास है। यदि चुनाव निष्पक्ष नहीं होंगे तो लोकतंत्र कैसे बचेगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा।

लाठी-वाटर कैनन से नहीं डरेंगे : महेश जाटव

जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि कैंट मॉल से कलेक्ट्रेट तक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपनी एकजुटता दिखाई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता लाठी और वाटर कैनन से डरने वाले नहीं हैं। हमारी मांग है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार तत्काल इस्तीफा दें।

प्रदर्शन में पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी, प्रदेश कांग्रेस महासचिव रेखा चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष स्वदेश जैन, जगदीश यादव, राजकुमार पचौरी, पूर्व विधायक तरवर सिंह लोधी, आशीष ज्योतिषी, रामकुमार पचौरी, अखिलेश मोनी केशरवानी, अभिषेक गौर, बब्बू यादव, नीरज शर्मा, माधवी चौधरी, राजकुमार धनोरा, पप्पू गुप्ता, कमलेश तिवारी, जितेंद्र रोहण, पीपी नायक, राकेश राय सहित विभिन्न मोर्चा-संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे। सेवादल से सिंटू कटारे, महिला कांग्रेस से डॉ. किरण सोनी, युवक कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष अमन लोधी,रोहित कुर्मी, नितिन बाजपेयी, सहित विभिन्न ब्लॉक एवं नगर अध्यक्ष, पार्षद और बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदर्शन में शामिल हुए।

दूरभाष 07582-223308 फैक्स 07582-222070, 224543 ई मेल- admsagaryv@gmail.com
न्यायालय अपर कलेक्टर, एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला- सागर म.प्र.

प्रकरण क्रमांक /स-149/2026-27

!! विज्ञप्ति !!

आवेदकगण श्री शुभम लोधी पिता श्री संतोष सिंह लोधी उम्र 21 वर्ष स्थायी निवासी वार्ड नं. 13 ग्राम मगरधा थाना बहरोल तहसील बण्डा जिला सागर (मध्य प्रदेश) एवं नयना आदिवासी पुत्री श्री दीपक अदिवासी उम्र 19 वर्ष स्थायी निवासी- दक्षिण बाहरपेठ फैजपुर (रूलर) थाना फैजपुर जिला जलगांव (महाराष्ट्र) द्वारा आधार कार्ड, शपथ पत्र तथा उचित शीर्ष में 100 रूपये का चालान आदि दस्तावेज पेश कर मय तीन साक्षियों के विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 05 के तहत विवाह पंजीयन कराये जाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया है।

यदि किसी व्यक्ति को इस विवाह के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई शिकायत अथवा आपत्ति हो तो वह इस संबंध में दिनांक 21/10/2026 तक अपनी आपत्ति अपर कलेक्टर एवं जिला विवाह अधिकारी सागर म.प्र. के कार्यालय में कार्यालयीन समय प्रातः 10:00 बजे से 06:00 बजे तक दर्ज करा सकते है। नियत दिवस व्यतीत होने पर किसी प्रकार की शिकायत/आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी।

अपर कलेक्टर एवं
विशेष विवाह अधिकारी जिला-सागर म.प्र.

स्थायी कटेगा कनेक्शन, डीआरए के तहत शुरू हुई बकाया वसूली

बिजली बिल बकायादारों और चोरी करने वालों पर सख्त हुआ विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

लंबे समय से बिजली बिल का भुगतान नहीं करने वाले बकायादार उपभोक्ताओं के खिलाफ विद्युत विभाग ने अब सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। विभाग ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि निर्धारित अवधि में बकाया राशि जमा नहीं करने पर संबंधित उपभोक्ता का बिजली कनेक्शन स्थायी रूप से विच्छेदित यानी पीडी कर दिया जाएगा। इसके बाद यदि बिना वैध कनेक्शन के दोबारा बिजली का उपयोग करते पाया गया तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ विद्युत चोरी का प्रकरण दर्ज किया जाएगा। शहर सहायक अभियंता नितिन बाथम ने बताया कि लंबे समय से बिजली बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं को स्थायी विच्छेदन के नोटिस जारी किए जा रहे हैं। विभाग द्वारा ऐसे मामलों में केवल अस्थायी रूप से बिजली काटकर कार्रवाई समाप्त नहीं की जाएगी, बल्कि निर्धारित प्रक्रिया के तहत कनेक्शन को स्थायी विच्छेदन की श्रेणी में दर्ज कर विद्युत आपूर्ति पूरी तरह समाप्त की जाएगी।

सहायक अभियंता बाथम ने बताया कि विद्युत विभाग ने लंबे समय से बकाया राशि जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ ड्यूज रिकवरी एक्ट (डीआरए) के तहत भी वसूली की कार्रवाई शुरू कर दी है। नोटिस जारी होने के बाद निर्धारित अवधि में बकाया राशि जमा नहीं करने पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। विभाग का कहना है कि बकाया वसूली के लिए संबंधित उपभोक्ताओं को समय रहते भुगतान कर कार्रवाई से बचने का अवसर दिया जा रहा है।

कनेक्शन कटने के बाद इस्तेमाल पर बनेगा चोरी का मामला



सहायक अभियंता बाथम ने स्पष्ट रूप से बताया है कि स्थायी विच्छेदन के बाद संबंधित परिसर में सीधे तार डालकर, कटे हुए कनेक्शन को अनधिकृत तरीके से जोड़कर, मीटर से छेड़छाड़ कर अथवा किसी अन्य अवैध माध्यम से बिजली का उपयोग किया गया तो इसे बिजली चोरी माना जाएगा। ऐसे मामलों में विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 135 के तहत प्रकरण दर्ज किया जा सकता है। धारा 135 के तहत बिजली चोरी के मामले में दोष सिद्ध होने पर अधिकतम तीन वर्ष तक के कारावास, जुर्माने अथवा दोनों का प्रावधान है। विभाग ने कहा है कि बिजली चोरी के मामलों को अब विद्युत अधिनियम के प्रावधानों के तहत विशेष न्यायालय में पहुंचाया जाएगा।

विशेष न्यायालय तय करेगा सिविल देयता

विद्युत अधिनियम की धारा 153 के तहत गठित विशेष न्यायालय को ऐसे मामलों की सुनवाई का अधिकार है। दोष सिद्ध होने पर न्यायालय अधिनियम में निर्धारित दंड दे सकता है। इसके अलावा धारा 154(5) के तहत विशेष न्यायालय बिजली चोरी के मामलों में संबंधित उपभोक्ता या व्यक्ति की सिविल देयता भी निर्धारित करता है। सिविल देयता लागू टैरिफ की कम से कम दो गुना दर के आधार पर निर्धारित की जाती है। इसके लिए चोरी पकड़े जाने से पहले अधिकतम 12 माह अथवा चोरी की वास्तविक अवधि, जो भी कम हो, को आधार बनाया जाता है।

बकाया उपभोक्ताओं से तत्काल भुगतान की अपील

विद्युत विभाग की ओर से सहायक अभियंता बाथम ने बकायादार उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे कार्रवाई से बचने के लिए अपना लंबित बिजली बिल तत्काल जमा करें। विभाग ने साफ किया है कि बकाया राशि का भुगतान नहीं करने पर कनेक्शन स्थायी रूप से विच्छेदित करने के साथ डीआरए के तहत वसूली की कार्रवाई की जाएगी। वहीं स्थायी विच्छेदन के बाद अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते पकड़े जाने पर मामला बिजली चोरी के आपराधिक प्रकरण के रूप में विशेष न्यायालय तक पहुंच सकता है, जिसमें जुर्माने के साथ कारावास का भी प्रावधान है।

पहले हादसे के बाद भी नहीं जागा नपा प्रशासन

गंजी खाना ग्राउंड के सामने फिर पलटी ई-टैक्सी, गड्ढा बना हादसों का सबब

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



नगर पालिका प्रशासन की कथित अनदेखी और सड़क की बदहाल स्थिति के चलते गंजी खाना ग्राउंड के सामने एक गहरा गड्ढा एक बार फिर हादसे का कारण बन गया। शुक्रवार को इस मार्ग से गुजर रही एक ई-टैक्सी अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गई। हादसे में टैक्सी चालक और उसमें सवार यात्रियों को गंभीर चोटें नहीं आने से बड़ा हादसा टल गया, लेकिन लगातार दूसरी बार इसी स्थान पर वाहन पलटने की घटना ने सड़क सुरक्षा और नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

बताया गया है कि गंजी खाना ग्राउंड के सामने सड़क पर काफी समय से गहरा गड्ढा बना हुआ है। बारिश का पानी भर जाने के कारण इसकी वास्तविक गहराई का अंदाजा वाहन चालकों को नहीं लग पाता। ऐसे में दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों के लिए यह स्थान लगातार दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार कुछ समय पहले इसी गड्ढे में एक टैक्सी पलट गई थी। इसके बाद जब नगर पालिका की ओर से गड्ढे की मरम्मत नहीं कराई गई तो स्थानीय टैक्सी चालक इसरार खान ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर ईंट, पत्थर और मिट्टी डालकर गड्ढे को भरने का प्रयास किया था। इस दौरान बनाया गया वीडियो सोशल मीडिया पर भी सामने आया था और मामले को लेकर खबरें प्रकाशित हुई थीं।

उस समय उम्मीद थी कि नगर पालिका प्रशासन सड़क की स्थायी मरम्मत कराएगा, लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि स्थायी पैचवर्क या डामरीकरण नहीं होने के कारण समस्या फिर जस की तस हो गई। बारिश के बाद गड्ढे में पानी भरने से स्थिति और खतरनाक हो गई है। लगातार दूसरी बार वाहन के गड्ढे में पलटने के बाद स्थानीय नागरिकों में नाराजगी है। लोगों का कहना है कि मुख्य मार्ग पर बने इस गड्ढे को लेकर पहले भी ध्यान आकर्षित कराया जा चुका है, इसके बावजूद स्थायी समाधान नहीं किया गया। नागरिकों का कहना है कि जब एक आम व्यक्ति ने अपनी ओर से सड़क सुधारने की कोशिश की, तब भी जिम्मेदार विभाग ने समस्या का स्थायी निराकरण नहीं कराया।

स्थानीय लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि गंजी खाना ग्राउंड के सामने क्षतिग्रस्त सड़क की तत्काल जांच कराकर गड्ढे को व्यवस्थित रूप से भरने के साथ आवश्यक पैचवर्क और डामरीकरण कराया जाए। साथ ही बारिश के दौरान जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, ताकि किसी बड़े हादसे अथवा जनहानि की स्थिति बनने से पहले सड़क को सुरक्षित किया जा सके।

पुस्तकालयाध्यक्ष संघ ने उच्च शिक्षा मंत्री के ओएसडी को सौंपा ज्ञापन

महाविद्यालयीन ग्रंथपालों की लंबित मांगों को लेकर भोपाल में गूंजा मुद्दा



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

प्रांतीय महाविद्यालयीन पुस्तकालयाध्यक्ष संघ, मध्यप्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में कार्यरत ग्रंथपालों की लंबे समय से लंबित सेवा संबंधी मांगों को लेकर भोपाल में उच्च शिक्षा मंत्री के ओएसडी को ज्ञापन सौंपा। संघ ने ग्रंथपालों की वर्तमान अकादमिक भूमिका और जिम्मेदारियों के अनुरूप पदनाम, सेवा लाभ तथा कैरियर उन्नयन की व्यवस्था लागू किए जाने की मांग की है।

प्रतिनिधिमंडल के साथ प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों के करीब 30 ग्रंथपाल उपस्थित रहे। संघ ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 के वर्तमान परिप्रेक्ष्य में महाविद्यालयीन ग्रंथपालों की भूमिका पहले की अपेक्षा और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। ग्रंथपाल अब केवल पुस्तकों के रखरखाव और पारंपरिक पुस्तकालय सेवाओं तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ई-लाइब्रेरी, ई-जर्नल, ई-बुक्स, एन-लिस्ट, एनडीएलआई, डिजिटल साक्षरता तथा आईसीटी आधारित अकादमिक सेवाओं के माध्यम से विद्यार्थियों, शिक्षकों और शोधार्थियों की शैक्षणिक गतिविधियों में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। संघ ने शासन के समक्ष प्रमुख रूप से चार बिंदुओं पर मांग रखी है। इसमें ग्रंथपाल के वर्तमान पदनाम में परिवर्तन कर यूजीसी के प्रावधानों के अनुरूप सहायक प्राध्यापक (पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान) अथवा समकक्ष अकादमिक पदनाम प्रदान करने तथा पदोन्नति एवं कैरियर उन्नयन की व्यवस्था लागू करने की मांग शामिल है। इसके साथ ही ग्रंथपालों को उनकी वास्तविक अकादमिक जिम्मेदारियों के अनुरूप अकादमिक/टीचिंग कैडर में स्पष्ट मान्यता देने की मांग की गई है। संघ ने अन्य अकादमिक कर्मचारियों की तरह ग्रंथपालों को भी सेवा लाभ, कैरियर एडवांसमेंट स्कीम (सीएएस) तथा निर्धारित वेतन एवं अन्य सेवा संबंधी लाभ दिए जाने की मांग उठाई है। इसमें 10 हजार रुपये एजीपी से संबंधित लंबित लाभ भी शामिल हैं। संघ ने वरिष्ठता के अनुरूप ग्रंथपालों के दायित्व एवं प्रभार निर्धारित करने तथा उनकी योग्यता, अनुभव और वरिष्ठता के आधार पर उचित अकादमिक अवसर उपलब्ध कराने की मांग भी रखी। संघ का कहना है कि ग्रंथपालों की जिम्मेदारियां लगातार बदलते शैक्षणिक परिवेश के साथ बढ़ी हैं, इसलिए उनकी सेवा शर्तों और पद संरचना में भी उसी अनुरूप बदलाव आवश्यक है। ज्ञापन में संघ ने शासन का ध्यान विभिन्न राज्यों एवं संस्थानों में ग्रंथपालों को अकादमिक अथवा टीचिंग स्टाफ के रूप में दी जा रही मान्यता की ओर भी आकर्षित किया। संघ ने कहा कि मध्यप्रदेश में भी ग्रंथपालों की योग्यता, कार्यदायित्व और वर्तमान अकादमिक भूमिका को ध्यान में रखते हुए पदनाम एवं सेवा व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। प्रतिनिधिमंडल ने अपनी मांगों को लेकर उच्च शिक्षा मंत्री के ओएसडी के समक्ष विस्तार से पक्ष रखा। संघ के अनुसार ओएसडी ने मांगों पर विचार कर उचित निराकरण का आश्वासन दिया है। संघ ने उम्मीद जताई कि शासन स्तर पर लंबित मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा और प्रदेश के महाविद्यालयीन ग्रंथपालों को उनकी शैक्षणिक भूमिका के अनुरूप अधिकार एवं सेवा लाभ मिल सकेंगे। प्रांतीय महाविद्यालयीन पुस्तकालयाध्यक्ष संघ, मध्यप्रदेश ने उच्च शिक्षा विभाग से मांग की है कि ग्रंथपालों की लंबित सेवा संबंधी समस्याओं का शीघ्र निराकरण करते हुए उन्हें न्याय प्रदान किया जाए।

पं. जयकुमार जैन निशांत को मिला समाज रत्न सम्मान

नवागढ़ की पावन धरा पर संतों के मंगल सानिध्य में हुआ गरिमामय समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़ागांव धसान

धर्म-साहित्य और समाजसेवा में योगदान को सराहा



अतिशय क्षेत्र नवागढ़ की पावन धरा पर 29 सितंबर को धर्म, ज्ञान, संस्कार और समाजसेवा के प्रति समर्पित गरिमामय सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुनिश्री मंगलानंद सागर महाराज एवं मुनिश्री मंगल सागर महाराज के मंगल सानिध्य में आयोजित समारोह में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विद्वान, प्रतिष्ठाचार्य एवं बाल ब्रह्मचारी पं. जयकुमार जैन निशांत को उनके उल्लेखनीय सामाजिक, धार्मिक एवं साहित्यिक योगदान के लिए समाज रत्न की उपाधि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश की तहसील इकाई बड़ागांव की ओर से प्रदान किया गया। सम्मान समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों, विद्वानों एवं महिला प्रतिनिधियों ने सहभागिता कर पं. जयकुमार जैन निशांत का अभिनंदन किया। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि पं. जयकुमार जैन निशांत ने अपने ज्ञान, प्रतिभा और साधनारत जीवन के माध्यम से समाज में धार्मिक एवं सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने का कार्य किया है। धर्म, दर्शन, संस्कार, साहित्य और सामाजिक जागरण के क्षेत्र में उनके निरंतर योगदान ने उन्हें समाज में विशिष्ट पहचान दिलाई है। वक्ताओं ने कहा कि किसी ऐसे व्यक्तित्व को सम्मानित करना केवल व्यक्ति विशेष का सम्मान नहीं, बल्कि ज्ञान, संस्कार, धर्मनिष्ठा और समाजसेवा जैसे मूल्यों का सम्मान है। ह्यसमाज रत्नह्न की उपाधि पं. जयकुमार जैन निशांत के कार्यों के प्रति समाज की कृतज्ञता और सम्मान का प्रतीक है। मुनिश्री मंगलानंद सागर महाराज एवं मुनिश्री मंगल सागर महाराज के मंगल सानिध्य ने समारोह की आध्यात्मिक गरिमा को और बढ़ा दिया। संतों की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने धर्मलाभ प्राप्त किया। समारोह के दौरान धार्मिक एवं सामाजिक मूल्यों को आगे बढ़ाने का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम का संचालन पं. सुनील कुमार जैन शास्त्री ने किया। इस अवसर पर वैश्य महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष सेठ अभिषेक जैन मैनवार, महामंत्री प्रशांत जैन, तहसील प्रभारी धीरेंद्र जैन पत्रकार, संरक्षक प्रकाश जैन, चौधरी प्रसन्न जैन, पं. ऋषभ जैन, डॉ. प्रशांत जैन, डॉ. सुकृत जैन, सेठ विजय जैन, राजाराम जैन, सेठ प्रवीण कुमार जैन, पवन जैन, हुकुमचंद हटैया, कैलाश चंद्र ककरवाहा, शिक्षिका किरण जैन, मंजूलता जैन, उषा जैन, कल्पना जैन, प्रीति जैन, प्रभा सिंघई, संतोषी जैन सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु एवं वैश्य महासम्मेलन के सदस्य उपस्थित रहे।

किन्नर समाज की यात्रा पर भाजपा कार्यालय में हुई पुष्पवर्षा

भाजपा जिलाध्यक्ष राजपूत ने किया स्वागत, जनकल्याण के लिए लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



शहर में आयोजित किन्नर समाज के महासम्मेलन के दौरान किन्नर समाज द्वारा निकाली गई भव्य यात्रा का भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत की उपस्थिति में भाजपा कार्यालय के सामने किन्नर समाज की यात्रा का स्वागत, वंदन एवं अभिनंदन किया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने किन्नर समाज से जनकल्याण एवं सुख-समृद्धि के लिए आशीर्वाद भी प्राप्त किया। भाजपा मीडिया प्रभारी स्वप्निल तिवारी ने बताया कि शहर के संगम गार्डन में किन्नर समाज का महासम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में किन्नर समाज द्वारा डीजे की धुन पर वाहनों और सजी-धजी बग्गियों के साथ शहर में भव्य यात्रा निकाली गई। यात्रा जब भाजपा कार्यालय के सामने पहुंची तो भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत ने वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पुष्पवर्षा कर किन्नर समाज के सदस्यों का स्वागत किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत ने कहा कि किन्नर समाज भी समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा है और उनके सम्मान एवं उत्थान के लिए निरंतर प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा किन्नर समाज के कल्याण, सम्मान और विकास के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कार्य किए जा रहे हैं। यात्रा के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने किन्नर समाज के सदस्यों का आत्मीयता के साथ स्वागत किया। पुष्पवर्षा और अभिनंदन के बीच यात्रा आगे बढ़ी। इस दौरान बड़ी संख्या में शहरवासियों और भाजपा कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही। पुष्पवर्षा एवं स्वागत कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री मनोज देवलिया, जिला उपाध्यक्ष विकास यादव, अभिषेक खरे रानू, प्रतेंद्र सिंघई, गोपाल सिंह राय, रविंद्र श्रीवास्तव, नगर मंडल अध्यक्ष नरेश तिवारी, सुशीला राजपूत, पूनम अग्रवाल, संध्या सोनी, रीना श्रीवास्तव, ऊषा प्रजापति, माया राजपूत, पंकज प्रजापति, आकाश विश्वकर्मा, संदीप पायक, शिवचरण उटमालिया, आदित्य परमार, देवेंद्र सेन, केके अग्रवाल आदि रहे मौजूद।

सिंधिया की पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने अर्पित की श्रद्धांजलि



टीकमगढ़। पूर्व केंद्रीय मंत्री माधवराव सिंधिया की 25वीं पुण्यतिथि पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने रेस्ट हाउस स्थित माधवराव सिंधिया स्मृति उद्यान पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान आयोजित श्रद्धांजलि सभा में भाजपा नेताओं ने स्व. सिंधिया के राजनीतिक जीवन और देश-प्रदेश के विकास में उनके योगदान का स्मरण किया। भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत ने स्व. माधवराव सिंधिया को सच्चा जनसेवक बताते हुए कहा कि उन्होंने देश और प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिसे सदैव याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनसेवा के क्षेत्र में सिंधिया का योगदान आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणादायी रहेगा। पुष्पांजलि सभा के संयोजक एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास यादव ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि भारतीय राजनीति में स्व. माधवराव सिंधिया का नाम सम्मान के साथ लिया जाता है। उन्होंने कहा कि जनसेवा के प्रति उनका समर्पण उन्हें देश के जनसेवकों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनाता है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के अंत में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्व. माधवराव सिंधिया के बताए मार्ग पर चलने तथा उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री मनोज देवलिया, वरिष्ठ भाजपा नेता गोपाल सिंह राय, रविंद्र श्रीवास्तव, जिला मीडिया प्रभारी स्वप्निल तिवारी, जिला कोषाध्यक्ष विवेक आदि रहे मौजूद।

हंगामेदार आरक्षक को तत्काल किया गया निलंबित, पांच दिन में जांच रिपोर्ट दिए जाने के निर्देश

अनुशासनहीनता व अशोभनीय आचरण के विरुद्ध एसपी हुए सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले के चंदेरा के जलविहार मेला महोत्सव में शराब के नशे में हंगामा और आमजन के साथ कथित अभद्र व्यवहार करने के मामले में पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने तत्काल कार्रवाई करते हुए चंदेरा थाने में पदस्थ आरक्षक दिनेश अहिरवार को निलंबित कर दिया है। आरक्षक के खिलाफ यह कार्रवाई अनुशासनहीनता और अशोभनीय आचरण के आरोपों के चलते की गई है। एसपी अग्रवाल की कार्रवाई के बाद पुलिस महकमे में भी इसे अनुशासन बनाए रखने को लेकर सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है। जारी किये गये निलंबन आदेश के अनुसार चंदेरा में आयोजित जलविहार मेला महोत्सव के दौरान आरक्षक दिनेश अहिरवार पर शराब के नशे में आमजन तथा मेला समिति के अध्यक्ष और सदस्यों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करने, गाली-गलौज करने और अशोभनीय व्यवहार करने के आरोप हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक अग्रवाल ने आरक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। निलंबन अवधि के दौरान आरक्षक दिनेश अहिरवार का मुख्यालय पुलिस लाइन टीकमगढ़ निर्धारित किया गया है। उसे नियमानुसार निर्वाह भत्ता देय होगा। वहीं मामले की प्राथमिक जांच पांच दिवस के भीतर पूरी कर स्पष्ट अभिमत सहित जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।



वीडियो सामने आने के बाद मामला आया सुर्खियों में

बताया गया है कि चंदेरा गांव में आयोजित जलविहार महोत्सव के मेले में सिविल ड्रेस में पहुंचे आरक्षक के हंगामे का वीडियो सामने आने के बाद मामला चर्चा में आया था। घटना रविवार रात की बताई गई थी, जबकि वीडियो मंगलवार को सामने आया। वीडियो में चंदेरा थाने में पदस्थ आरक्षक दिनेश अहिरवार विवाद की स्थिति में दिखाई दे रहे थे और एक व्यक्ति उन्हें पकड़े हुए नजर आ रहा था। वीडियो सामने आने के बाद कुछ दुकानदारों ने आरोप लगाया था कि आरक्षक शराब के नशे में मेले में पहुंचे थे और दुकान से जुड़े विवाद के दौरान उनके साथ मारपीट की तथा पैसे की मांग की। विवाद बढ़ने पर मेले में हंगामे की स्थिति निर्मित हो गई थी।

थाना प्रभारी ने मौके पर पहुंचकर संभाला था मामला

घटना की सूचना मिलने के बाद चंदेरा थाना प्रभारी रश्मि जैन मौके पर पहुंचीं और आरक्षक को थाने ले जाया गया था। इसके बाद पूरे मामले का जांच प्रतिवेदन तैयार कर वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा गया। जांच प्रतिवेदन और सामने आए तथ्यों के आधार पर पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने आरक्षक के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक अग्रवाल द्वारा मामले में तत्काल कार्रवाई किए जाने से यह स्पष्ट संदेश गया है कि पुलिस विभाग में पद पर रहते हुए अनुशासनहीनता, अशोभनीय आचरण और आमजन के साथ दुर्व्यवहार के आरोपों को गंभीरता से लिया जाएगा। अब पांच दिवस के भीतर होने वाली प्राथमिक जांच के बाद मामले में आगे की कार्रवाई तय होगी।

नालियों पर कब्जे व्यक्ति विशेष के और परेशानी भुगतान रहा पूरा शहर

नपा की उदारता बनी अपने ही सफाई कर्मियों के लिए परेशानी का सबब

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर में आए दिन सोशल मीडिया पर साफ सफाई से जुड़ी अव्यवस्थाओं की पोस्ट डाली जाती रहती है जिसमें नालों और नालियों से पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर बहने वाली पोस्ट अधिक होती है। पर क्या इसके लिए सिर्फ नगर पालिका ही जिम्मेदार है? अगर सच्चाई की तह में झांक कर देखा जाए तो इस अव्यवस्था के लिए नगर पालिका से अधिक जिम्मेदार वो वेपरवाह नागरिक दिखाई पड़ेंगे जिन्होंने नालियों के ऊपर इतना अतिक्रमण कर लिया है कि सफाई कर्मियों को नालियां तक साफ करने के लिए जगह भी नहीं छोड़ी है। जिससे सफाई के अभाव में नाली और नालों से पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर बहता है और उस सड़क पर बहते नाले के पानी वाले फोटो वीडियो वही दुकानदार यह तथाकथित पत्रकार अथवा तथा कथित समाजसेवी तथाकथित राजनेता सोशल मीडिया पर डालकर नगर पालिका की अव्यवस्थाओं को कोसते रहते हैं।

इन दिनों विभिन्न त्योहारों के लगातार आने के चलते नगर पालिका को शहर में साफ सफाई व्यवस्था कुछ महीनो से ज्यादा ही कराना पड़ रहा है। शहर में साफ सफाई के लिए नगर पालिका ने अतिरिक्त कर्मचारी भी लगाए हुए हैं, सफाई में मानव श्रम के आलावा मशीनरी का उपयोग भी किया जा रहा है। डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के अलावा पांच ट्रैक्टर ट्राली कचरे को टचिंग ग्राउंड में ले जाने के लिए लगाई गई है जो शहर को क्लीन और ग्रीन बनाने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रही हैं। इसके बावजूद कई गली मोहल्ले और बाजारों में नालों से पानी ओवरफ्लो होकर बहने की शिकायतें लगातार मिल भी रही है और इन शिकायतों पर नोटिस उन सफाई कर्मियों को दिया जाते हैं जो सर्दी, गर्मी और बारिश सभी सीजन में सारी परेशानियां झेलते हुए सड़के साफ करने में पूरे जी जान से लगा रहता है पर प्रश्न यही उठ रहा है कि क्या इस अव्यवस्था के लिए वह सफाई कर्मी ही जिम्मेदार है जो दिन में दो से तीन बार रोजाना सफाई कर रहा है या फिर चंद रुपयों के लिए 6से 10फीट गहरे नाले में उतर कर भी सफाई कर रहा है या फिर नगर पालिका की वो प्रशासनिक व्यवस्था जिसने इन सफाई कर्मचारियों को जिम्मेदारी का निर्वहन करने से रोका हुआ है। हम बात कर रहे हैं नालियों पर अतिक्रमण करने वाले मकानों दुकानों के मालिकों की जिन्होंने स्थाई थड़े नालियों के ऊपर बना लिए हैं और इनमें भी बाइक व फोर व्हीलर गाड़ी चढ़ाने के लिए पक्के चबूतरे ऐसे बना लिए गए हैं की मशीनरी जेसीबी तो क्या सफाईकर्मी भी उनके नीचे नहीं घुस पा रहे हैं। जिसके कारण नाले ओवरफ्लो होकर स्वच्छता अभियान को मुंह चिढ़ा रहे हैं।पर क्या इन अतिक्रमणकारियों के अतिक्रमण नगर पालिका हटाएगी क्या इनको जुर्माना से दंडित करेगी या फिर नोटिस सिर्फ सफाई कर्मियों को और सफाई दरोगाओं को ही दिए जाते रहेंगे यह बड़ा प्रश्न है।



धार्मिक भावनाएं भी हो रही आहत

सबसे अधिक नाले ओवरफ्लो होने की समस्या टोड़ी गणेश मंदिर के पीछे से पुल दरवाजा तक निर्मित हो रही है ऐसा कोई दिन बाकी नहीं जाता जब यहां नाले ओवरफ्लो होकर सड़कों पर नहीं बहते हों। हालांकि सड़कों पर ओवरफ्लो होकर बहने वाले नालों की सफाई के लिए नगर पालिका कर्मचारी भेजकर व्यवस्था सुचारू कर भी देती है लेकिन कई बार इस व्यवस्था को सुधारने में समय इतना अधिक लग जाता है कि न सिर्फ लोगों को सड़क पर बारिश की तरह बहने वाले गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है बल्कि लोगों की धार्मिक आस्थाएं भी इससे आहत हो रही हैं। ज्ञात हो कि टोड़ी गणेश मंदिर पर पूजा के लिए जाने वाले लोगों को भी इसी गंदगी से होकर जाना पड़ता है साथ ही शहर की शाही जामा मस्जिद भी इसी रास्ते पर है तो मुस्लिम समाज के लोग भी नहा धोकर जब नमाज पढ़ने निकलते हैं तो उन्हें भी इस तरह गंदे पानी का सामना करना पड़ता है जिससे दोनों ही धर्म की भावना आहत हो रही है।

एक दशक पहले उजागर हुए थे भूमिगत नाले

एक दशक पहले जब नगर पालिका में मीरा रमेश गर्ग की परिषद थी तब शहर में अतिक्रमण के विरोध बड़ा अभियान चलाया गया था। तत्कालीन कलेक्टर ज्ञानेश्वर बी पाटील के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान में सड़क के दोनों और 5 से 8 फीट तक के मकान तोड़कर चौड़ीकरण किया गया था टोड़ी गणेश बाजार में चौड़ीकरण करने के दौरान घरों के नीचे से वह भूमिगत नाले भी निकाले गए जो करीब ढाई सौ साल पहले बनाए गए थे। नगर पालिका ने तब इन नालों को सड़क की सीमा मानकर उसके ऊपर से स्थाई अतिक्रमण को पूरी तरह हटा दिया था तब नाले खुलासा हो गए थे तो जल भराव की समस्या भी कम हुई थी लेकिन अब फिर इन नालों पर कहीं खड़े के रूप में तो कहीं रैंप के रूप में अतिक्रमण कर लिया गया है जिससे सफाई कर्मियों को सफाई करने में परेशानी आ रही है।

इनका कहना...

नालो के ऊपर स्थाई और अस्थाई अतिक्रमण हो रहे हैं। अस्थाई अतिक्रमण तो हम हटवाकर सफाई कर लेते हैं लेकिन कई जगह स्थाई अतिक्रमण होने से सफाई नहीं हो पा रही है ऐसे भवन स्वामियों को अपने पक्के अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस जारी करने हेतु सीएमओ से निवेदन करेंगे।

सत्यभानु जाटव
एचओ नपा श्योपुर

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफ़े की मांग को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

कांग्रेस ने जलाया पुतला, पुलिस ने पानी की बौछार फेंककर बुझाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफ़े की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के बैनर तले बुधवार को कांग्रेसियों ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करते हुए ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंकने का प्रयास किया जिसे पुलिस ने फायर बिग्रेड गाड़ी के माध्यम से पानी की बौछार डालकर बुझा दिया।

रैली निकाल कर प्रदर्शन करने कलेक्ट्रेट पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पहले कलेक्ट्रेट के गेट पर धरना देकर जमकर नारेबाजी की और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन जिला प्रशासन को सौपा। बाद में हाईवे पर आए कांग्रेस कार्यकर्त्ताओ ने ज्ञानेश कुमार का पुतला जलाया। इस दौरान विधायक बाबू जंडेल ने कहा कि जब दो चुनाव आयुक्तों सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने पिछले दस महीनों में आयोग की ओर से लिए गए फ़ैसलों को लेकर 14 बार आपत्तियां जताई थीं जिसका खुलासा हो गया है तो फिर अकेले व्यक्ति ने एसआईआर के नाम पर मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से काटने का काम कैसे कर दिया। ज्ञानेश कुमार ने भाजपा एजेंट के रूप में काम किया है इसलिए उन्हें अपने पद से तत्काल इस्तीफा सौंप देना चाहिए। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष मांगीलाल फौजी ने कहा कि सरकार द्वारा आरोप सिद्ध होने के बाद भी ज्ञानेश कुमार को बचाना साबित करता हैं कि ज्ञानेश ने सारे काम सरकार और भाजपा के इशारे पर किए हैं। इस दौरान जनपद अध्यक्ष रीना आशीष मीणा, रितेश तोमर, संजीव कुशवाह, लक्ष्मी शिवहरे,रामचरण मीणा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।





श्योपुर पहुंचे नवागत डीएसपी हेडक्वार्टर,संभाला पदभार

पुलिस और आमजनता के बीच आपसी विश्वास को मजबूत बनाएंगे: तोमर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर के डीएसपी हेडक्वार्टर पीएन गोयल बीते रोज श्योपुर से भारमुक्त होकर अपने नवीन पदस्थापना स्थल सीहोर के लिए रवाना हो गए है और उनके स्थान पर डीएसपी विजय सिंह तोमर ग्वालियर से भारमुक्त होकर यहां श्योपुर पहुंच गए है।

नवागत डीएसपी हेडक्वार्टर विजय सिंह तोमर ने बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से मुलाकात करने के बाद विधिवत रूप से अपना पदभार भी संभाल लिया है। पदभार संभालने के बाद हरिभूमि से चर्चा के दौरान उन्होने अपनी प्राथमिकता बताते हुए कहा कि कानून व्यवस्था में कसावट लाई जाएगी। इसके साथही पुलिस और आमजनता के बीच आपसी विश्वास को मजबूत करने की दिशा में भी प्राथमिकता के साथ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों के पालन को लेकर न केवल गंभीरता के साथ कार्रवाई की जाएगी,बल्कि स्थानीय समस्याओ के समाधान को लेकर भी हर संभव कार्रवाई प्राथमिकता के साथ की जाएगी।





नवागत एसडीओपी भी जल्द पहुंचेंगे श्योपुर

श्योपुर के नवागत एसडीओपी आनंद कुमार राय भी जल्द ही श्योपुर पहुंचकर अपना पदभार संभालेगे। बता दें कि डीएसपी आनंद कुमार राय वर्तमान में गुना जिले में पदस्थ है। जहां से उन्हें ट्रांसफर करते हुए श्योपुर जिले में बतौर एसडीओपी श्योपुर नई पदस्थापना दी गई है। बताया जा रहा है कि नवागत एसडीओपी जल्द ही गुना जिले से भार मुक्त होकर संभवतः गुरूवार की शाम तक श्योपुर पहुंच जाएंगे।

यातायात नियमों को लेकर खुद बनें जागरुक दूसरों को भी बनाएं जागरुक:राजपूत

वॉर्लंटियरों को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक,दिलाई हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

सडक पर सुरक्षित सफर के लिए यातायात नियमों का पालन करना बहुत जरूरी है। इसलिए यातायात नियमों का पालन करने के प्रति आप खुद भी जागरूक बने और दूसरो को भी इस दिशा में जागरूक बनाए। यह बात ट्रैफिक टीआई संजय सिंह राजपूत ने बुधवार को पॉलीटेक्निक कॉलेज में पहुंचकर वहां मौजूद सिविल डिफेंस के 200 वॉलिंटियर्स को 8 अक्टूबर तक संचालित किए जा रहे यातायात जागरूकता अभियान के तहत जागरूक करते हुए कही। इस मौके पर उनके साथ निरीक्षक मधुरिमा नरवरिया भी मौजूद थी।

ट्रैफिक टीआई संजय सिंह राजपूत ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जहां यातायात के विभिन्न नियमों, दुर्घटना संबंधी आंकड़ों के साथ सड़क दुर्घटना के कारण और बचाव तथा रोड साइन, रोड मार्किंग, ट्रैफिक सिग्नल, हेलमेट व सीट बेल्ट लगाने की जरूरत, पैदल चलते समय रखने वाली सावधानियां, व दुर्घटनाओं के दुष्प्रभाव आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग आवश्यक रूप से करने की शपथ भी दिलाई। इसके साथही राहवीर योजना,'हिट एंड रन प्रतिकर योजना तथा पीएम राहत कैशलेस योजना आदि के बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होने कहा कि इन दिनों पुलिस मुख्यालय द्वारा हेलमेट एवं सीट बेल्ट की अनिवार्यता को लेकर 28 सितंबर से 8 अक्टूबर तक विशेष यातायात प्रवर्तन एवं जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में यातायात जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।



कमलजीत सिंह को सेवानिवृति पर दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शासकीय सेवा में अपना सेवा का कार्यकाल पूरा कर चुके शासकीय एमएस उर्दू गांधी स्कूल के हेड मास्टर कमलजीत सिंह सिसोदिया को सेवानिवृत्ति पर उनके स्टाफ ने बुधवार को एक समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी।

बच्चों और स्टाफ के बीच आयोजित हुए कार्यक्रम में स्वागत सत्कार से भावुक हुए हेडमास्टर सिसोदिया ने कहा कि वह जिले के कई बड़े स्कूलों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं और अधिकतर जगह वह शाला प्रभारी ही रहे हैं पर उन्हें जो स्नेह इस स्कूल में मिला वह और जगह नहीं मिला। यहां चुनौतियां बहुत थी और ईश्वर की कृपा से उन चुनौतियों को हम पार पाने में सफल रहे स्कूल के भवन जर्जर होने के कारण अधिक काम कराने की जरूरत थी वो भी पूरी की गई। उन्होंने कहा की सिर्फ शासकीय काम से रिटायर्ड हुए हैं समाजसेवा से नहीं उनकी जब भी जरूरत पड़ेगी वह हमेशा सेवा के लिए मौजूद रहेंगे।

पूर्व केंद्रीय मंत्री की पुण्यतिथि पर आयोजित की श्रद्धांजलि सभा

राजनीति को सेवा का माध्यम बनाया इसलिए कहलाए विकास के मसीहा: चौहान

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

राज परिवार में जन्म लेने वाले माधवराव सिंधिया को उनकी समाज सेवा के प्रति रुचि उन्हें राजनीति में लेकर आई। यही कारण रहा कि वे जब तलक जीवित रहे सिर्फ सर्वहारा वर्ग के उत्थान के लिए काम करते रहे। उनके कार्यकाल में जितनी सोगातें मिली उतनी किसी ने नहीं दिलाई इसीलिए वह विकास का मसीहा के रूप में निरूपित किए गए। यह बात पूर्व विधायक ब्रजराज सिंह चौहान ने पूर्व केंद्रीय मंत्री माधवराव सिंधिया की पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में सम्बोधन देते हुए कही।

शहर के बड़ौदा रोड स्थित पूर्व विधायक बृजराज सिंह के निवास पर आयोजित हुई श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे सिंधिया समर्थक कार्यकर्ताओं ने दिवंगत केंद्रीय मंत्री के जीवन वृत पर प्रकाश डालते हुए उनके साथ बिताए गए पलों को स्मरण करते हुए कहा कि वह भले ही राज परिवार से आए हो लेकिन राजनीति में उन्होंने कभी भी राजशाही जैसा बर्ताव नहीं किया वह छोटे से छोटे कार्यकर्ता से भी अपनत्व के साथ मिलते थे और उनके लिए वह पूरे जीजान से काम भी करते थे श्योपुर जिले को उन्हीं के कार्यकाल में कई सौगातें मिली है जिनका लाभ आज भी हमें मिल रहा है। इस दौरान महावीर गुप्ता, महावीर मित्तल, रमेश गुप्ता, दीनबंधु रावत आदि कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।



नए सीजन में पर्यटकों के बढ़ने की उम्मीद, कूनो के खुले जंगल में 16 चीते

तीन माह बाद पर्यटकों के लिए आज से फिर खुलेंगे कूनो नेशनल पार्क के दरवाजे

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मानसून अवकाश के चलते तीन माह से बंद बने कूनो नेशनल पार्क के दरवाजे अब 1 अक्टूबर से पर्यटकों के लिए फिर से खोल दिए जाएंगे। जिसके चलते पर्यटक एक अक्टूबर से कूनो नेशनल पार्क की सैर पहले की भांति आनंद ले सकेगे। खास बात यह है कि नए सीजन में कूनो नेशनल पार्क के भ्रमण पर आने वाले पर्यटकों को चीतो का दीदार आसानी के साथ हो सकेगा। क्योंकि कूनो के खुले जंगल में 16 चीते घूम रहे है। नए सीजन में पर्यटकों की संख्या में बढने की उम्मीद है। इसलिए कूनो नेशनल पार्क प्रबंधन ने सफारी व्यवस्था को विस्तार दिया है।

यहां बता दें कि मानसूनी अवकाश के चलते हर साल कूनो नेशनल पार्क के दरवाजे पर्यटकों के लिए एक जुलाई से बंद हो जाते है और 30 सितंबर तक नेशनल पार्क के दरवाजे बंद ही रहते है और फिर कूनो नेशनल पार्क के दरवाजे तीन माह बाद एक अक्टूबर से खुल जाते है। इसके साथही नया सीजन भी शुरू हो जाता है। इसी क्रम में गुरूवार एक अक्टूबर से कूनो नेशनल पार्क के दरवाजे पर्यटको के लिए एक बार फिर से खुलने जा रहे है। कूनो में 9,117 पर्यटक पहुंचे थे। यह 2024-25 के 3,833 पर्यटकों के मुकाबले दोगुने से भी अधिक है। यानी खुले जंगल में चीतों की मौजूदगी बढ़ने के साथ कूनो का पर्यटन लगातार बढ़ रहा है। इसलिए पार्क प्रबंधन को उम्मीद है कि इस बार पर्यटकों की संख्या का नया रिकॉर्ड बनना तय है। पर्यटकों की बढती संख्या की उम्मीद को देखते हुए कूनो में गाइड और अनुबंधित जिप्सियों की संख्या बढ़ाई जा रही है। सफारी के लिए टिकटोली, आहेरा और पीपल बावड़ी तीन प्रमुख गेट रहेंगे।



गफलत में फंसा नया टिकट काउंटर?

कूनो नेशनल पार्क की सैर के लिए पर्यटको को बुकिंग के लिए श्योपुर जिला मुख्यालय पर खुलने वाला नया टिकट काउंटर फिलहाल गफलत में फंसा हुआ दिखाई पड रहा है। नए खुलने जा रहे इस टिकट काउंटर को लेकर फिलहाल यह स्थिति साफ नहीं हो सकी है कि इसका संचालन कहां और कौन करेगा। क्योंकि कूनो वन मंडल श्योपुर के अधिकारियों ने इस संबंध में पूछने पर बताया है कि टिकट काउंटर का संचालन पर्यटन विकास निगम की ओर से किया जाएगा। वहीं जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के नोडल अधिकारी एवं एडीएम रूपेश उपाध्याय ने बताया कि टिकट काउंटर का संचालन कूनो वन मंडल के द्वारा ही किया जाएगा।

पर्यटकों को कूनो की हरियाली और नदी-झरने भी करेंगे आकर्षित

इस बार भी मानसून के बाद कूनो का जंगल हरियाली से भर गया है। बारिश के बाद जंगल की प्राकृतिक सुंदरता, नदी-नाले और जलस्रोत भी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहते हैं। यही वजह है कि कूनो सफारी में केवल चीते ही नहीं, बल्कि पूरा जंगल पर्यटकों के अनुभव का हिस्सा बनता है। कूनो के आसपास पर्यटन गतिविधियां बढ़ने से स्थानीय स्तर पर भी रोजगार की संभावनाएं बढ़ी हैं। सफारी वाहनों, गाइड, होटल, रिसोर्ट और छोटे कारोबार से जुड़े लोगों को पर्यटन सत्र शुरू होने का इंतजार रहता है।

कूनों में इस तरह बढ़े पर्यटक

सीजन वर्ष	पर्यटक
2021-22	1211 (चीते आने से पहले)
2022-23	1459 (चीते आने के दौरान)
2023-24	3172 (चीते बाड़े से जंगल में छोड़े जाने के बाद)
2024-25	4007
2025-26	9117

केमिस्ट एसोसिएशन ने क्षय रोगियों को किया फूड बास्केट का वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कलेक्टर शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जिला केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा बुधवार को क्षय रोगियों को फूड बॉस्केट का वितरण किया गया।

जिला चिकित्सालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन डॉ. एसएन बिंदल, जिला क्षय अधिकारी डॉ. एनके रावत, केमिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष मनीष नागौरी, सचिव मधुसूदन गौड, रामकिशोर गर्ग, विपिन गर्ग, मानसिंह राठौर, मनीष शुक्ला,दीनदयाल गुप्ता, गोपाल गुप्ता, शंकर गुप्ता,कपिल गर्ग, सोनू पारिक आदि मौजूद रहे। जिला केमस्टि एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष नागौरी के नेतृत्व में 25 क्षय रोगियों को फूड बॉस्केट प्रदान की गई।

इसी प्रकार सिविल सर्जन डॉ एसएन बिंदल द्वारा भी 10 किटो का वितरण किया गया।

वन टीम पर हमले के मामले में पांच पर केस दर्ज

श्योपुर।कूनो वन मंडल की टीम पर हमला किए जाने संबंधी मामले में मगरदा थाना पुलिस ने पांच ग्रामीणों के खिलाफ विभिन्न धाराओ के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मगरदा थाना प्रभारी ध्रुव सिंह भदौरिया ने बताया कि वन मंडल की टीम ने मारपीट किए जाने किए जाने संबंधी आवेदन दिया था। इस मामले में वनकर्मी की रिपोर्ट पर रामवरन गुर्जर, भूरा गुर्जर, कान्हा गुर्जर, शिवराम गुर्जर तथा देवेन्द्र गुर्जर निवासी खडेरा के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

तीन छात्राओं का चयन

श्योपुर।शा कन्याउमावि विजयपुर की तीन छात्राओं अंजली जादौन, रास्ती जाटव एवं अनन्या कुशवाह का राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। छात्राओं के चयन पर बीईओ अशोक दंडोतिया, विद्यालय के प्राचार्य गणेश जाटव, भाजपा विजयपुर मंडल अध्यक्ष शुभम मुद्गल, अखिलेश शर्मा, सौरभ जादौन, खेल अधिकारी बृजेंद्र शर्मा ने हर्ष व्यक्त करते हुए छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

खबर संक्षेप

अज्ञात चोर विद्युत तार चोरी कर ले गए

अशोकनगर। जिले के कचनार थाने के अंतर्गत रामवीर यादव निवासी महुआखेड़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि तूमैन विधुत फीडर के अंतर्गत अज्ञात चोर 22000 रूपए कीमत का बिजली का तार चोरी कर ले गए। जिस पर से पुलिस ने अज्ञात पर मामला दर्ज किया है।

अज्ञात ट्रैक्टर ने टक्कर मारी, घायल

अशोकनगर। जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत भानगढ़ निवासी राजपाल लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अज्ञात लाल रंग के ट्रेक्टर ने महुआखेडी रोड पर अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मार दी जिससे फरियादी व उसके बहनें घायल हो गईं।

वृद्धजनों का होगा सम्मान

अशोकनगर। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग जिला-अशोकनगर द्वारा 01 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर जिला दिव्यांग पुर्नवास केन्द्र, अशोकनगर में प्रातः 1 बजे वृद्धजनों हेतु सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस दौरानर वृद्धजनों का सम्मान के साथ ही साथ उनका स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार भी किया जायेगा। कार्यक्रम स्थल पर वृद्धजनों हेतु भोजन व्यवस्था भी की गई है। इस कार्यक्रम में 100 वर्ष से या इससे अधिक आयु वाले वृद्धजनों को शॉल, श्रीफल एवं 1000 रुपए की नगद राशि से भी सम्मानित किया जायेगा।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत त्रिलोकपुरी कॉलोनी निवासी हरनाम अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी देवेन्द्र, रामराजा, राजू, विवेक और रवनद्रि अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से रविन्द्र अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि हरनाम, विशाल, हरिराम,धनपाल, अनिल और गोलू अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिद्धि विनायक कॉलोनी भरत यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पूर्ति यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत अम्बेडकर मोहल्ला निवासी कल्ला धुर्रेटे ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी दीपक और मुसाब अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत गरेंठी निवासी शिवम शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गोलू ,रितिक, हरिनारायण और लल्लू शर्मा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से रितिक शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वंशीलाल,शिवम बबलू और अमन शर्मा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कालाबाग निवासी घनश्याम ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामकृष्ण कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

शाढ़ौरा में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त

अशोकनगर नपा ने 25 साल 25 कहानियां कार्यक्रम किया आयोजित

चंदेरी में कर्मचारी जनप्रतिनिधियों के बैठने से नहीं कर पा रहे हैं काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिले की 3 नगरीय निकाय संस्थाओं में मंगलवार को अलग अलग परिस्थितियां देखने को मिलीं। एक और जहां अशोकनगर की नगरपालिका संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा की कहानी और 25 साल 25 कहानियां आयोजित कर रही थीं तो दूसरी ओर शाढ़ौरा नगर परिषद के अधिकारी सफाई कर्मचारियों की हड़ताल कराने में लगे थे। तो तीसरी और चंदेरी नगरपालिका के अधिकारियों और कर्मचारियों का दर्द उभरकर सामने आया। वह यह कहते हुए नजर आए कि बिना किसी काम के दिन भर जनप्रतिनिधि उनके चेम्बर में आकर बैठ जाते हैं जिससे वह काम नहीं कर पा रहे हैं। इन तस्वीरों की विस्तार से जानकारी आपके सामने है।



अशोकनगर नपा ने 25 साल 25 कहानियां कार्यक्रम का आयोजन किया

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत नगरपालिका अशोकनगर द्वारा सेवा की कहानी एवं 25 साल 25 कहानियां कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से आमजन के जीवन में हुए बदलाव की कहानियां जो हितग्राहियों द्वारा अपने अनुभव के रूप में प्रस्तुत किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, पी एम स्वनिधि, सम्बल योजना, पात्रता पर्ची, पेंशन एवं विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों ने अपनी सफलता की कहानी मुख्य अतिथि के समक्ष सुनाई गई। साथ ही प्रधानमंत्री आवास एवं अन्य योजनाओं की हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र भी वितरित किए गए।इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया, उपाध्यक्ष रीना शर्मा, पार्षद महेंद्र भारद्वाज, विपिन शिवहरे, डॉ जयमंडल यादव, गोपाल ओझा, राशिद खान, राजकुमार यादव, जयप्रकाश अग्रवाल, वर्षा बड़कुल, यशलोक चैधरी, सोनू सुमन, मोनू रघुवंशी गीता आर्य सहित बड़ी संख्या में हितग्राही मौजूद रहे।

कार्यालय खुलते ही कुछ जनप्रतिनिधि कार्यालय में बैठ जाते हैं

नगर पालिका कार्यालय में कुछ जनप्रतिनिधियों की लगातार मौजूदगी से आमजन और कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आरोप है कि कार्यालय खुलते ही कुछ जनप्रतिनिधि विभिन्न शाखाओं में जाकर बैठ जाते हैं। खासतौर पर निर्माण, लेखा, राजस्व शाखा और सीएमओ चैंबर में दिनभर उनकी मौजूदगी बनी रहती है। इसके चलते आमजन को अधिकारियों और कर्मचारियों से मिलने में कठिनाई होती है और कई लोगों के जरूरी काम भी प्रभावित होते हैं। बताया जा रहा है कि ये जनप्रतिनिधि शाम को कार्यालय बंद होने के बाद ही वहां से रवाना होते हैं। सवाल यह है कि जनप्रतिनिधियों की इस तरह कार्यालय में लगातार मौजूदगी से क्या आम नागरिकों और कर्मचारियों के काम प्रभावित नहीं हो रहे हैं।

इनका कहना है

सफाई कर्मचारियों की मांगों को लेकर शासन स्तर पर पत्राचार किया है। पीएफ के लिए डेढ़ करोड़ रुपए की राशि मांगी गई है, राशि प्राप्त होते ही कर्मचारियों के खाते में डाली जाएगी। विनियमन के लिए भी शासन को पत्र लिखा है।
शमशाद पठान, सीएमओ नगरपरिषद शाढ़ौरा

शाढ़ौरा नगर परिषद के अधिकारियों ने सफाई कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त कराई



सफाई कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों को लेकर हड़ताल की जा रही थी, जिसके कारण इस कस्बाई क्षेत्र में कचरे के ढेर नजर आ रहे थे, शाढ़ौरा के सीएमओं शमशाद पठान के द्वारा सफाई कर्मचारियों की मांगों को सुना गया और उनके आश्वासन के बाद सफाई कर्मचारियों ने अपनी हड़ताल समाप्त कर दी है। हड़ताल के छटवे दिन दोपहर के बाद दो महीने में मांगों का निराकरण करने के लिखित आश्वासन के बाद हड़ताल समाप्त होने से लोगों ने राहत की सांस ली।
उल्लेखनीय है कि पिछले छह दिनों ने नगर परिषद के सफाई कर्मचारी हड़ताल पर थे। इस वर्ष यह उनकी दूसरी हड़ताल थी। इससे पहले मार्च भी उन्होंने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल की थी। तब किसी तरह समझौता हो गया था और लिखित आश्वासन के बाद सफाईकर्मी अपने काम पर वापस लौट आए थे। लेकिन लिखित आश्वासन के बाद भी अब तक पीएफ की राशि डलवाने सहित अन्य मांगे पूरी नहीं हुई, जिसके बाद कर्मचारी दोबारा हड़ताल पर चले गए थे।

पेनाल्टी भर दी, पर राशि जमा नहीं की

इधर पीएफ के मुद्दे पर नगर परिषद का एक लापरवाही भी सामने आई है। पीएफ राशि समय पर जमा न होने के कारण ग्वालियर कार्यालय द्वारा नगर परिषद पर 58 लाख रुपए की पेनल्टी लगाई गई थी। जिसे परिषद ने जमा कर दिया। जबकि यह राशि यदि कर्मचारियों के पीएफ खाते में जमा होती तो आज इतनी बड़ी समस्या का सामना नहीं करना पड़ता। पिछले सात सालों से उनकी पीएफ की राशि जमा नहीं हुई है।

छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक से दिया बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत शासकीय स्नातकोत्तर (पीजी) कॉलेज में छात्राओं द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। प्राचार्य डॉ. रेखा बरेठिया के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच का विकास करना और बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना था। नुक्कड़ नाटक का निर्देशन डॉ. राजपाल केवट, जया पंथी एवं वंदना जाटव ने किया। मंचन के दौरान छात्राओं ने बेटी जन्म के सम्मान, समान अवसर, महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता जैसे गंभीर विषयों पर ओजस्वी संवाद प्रस्तुत किए।

इन्होंने दी प्रस्तुति

नाटक में यशस्वनी जायसवाल, तन्वी रैकवार, छाया लखेरा, नंदिनी चौबे, पूनम रैकवार, राधिका कुशवाहा, रिमझिम गौर, गीतांजलि यादव, रश्मि कुर्मी, रुक्मन कुशवाहा, रितु श्रीवास्तव, रश्मि अहिरवार, कंचन रजक, अंशिका कुशवाहा, समीक्षा चौधरी, हर्षिता बौद्ध एवं खुशी यादव ने अभिनय किया। इस अवसर पर अभियान प्रभारी उमेश यादव, सह-प्रभारी गौरव नेलवाल सहित डॉ. एमएल सोनी, डॉ. नमिता अग्निहोत्री, प्रो. आरएस तिवारी, मोहम्मद रफीक शेख, राजेश कुमार सप्रे, डॉ. सतीश कुमार राय, श्वेता दुबे, सुमित मिश्रा और सुनील साहू सहित समस्त कॉलेज स्टाफ उपस्थित रहा।

क्षेत्र के एथलीटों का जलवा, संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में जीते 8 पदक



बीना। खेल परिसर सागर में आयोजित संभाग स्तरीय 70वीं शालेय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बीना के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। बीपीसीएल एवं संस्था समन्वय मंडपम से जुड़े एथलीटों ने शानदार प्रतिभा दिखाते हुए 5 स्वर्ण एवं 3 रजत पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता में खिलाड़ी महक चढ़ार ने 100 मीटर दौड़ एवं लॉन्ग जंप में स्वर्ण पदक, निहाल रजक ने 100 मीटर दौड़ एवं जैवलिन थ्रो में स्वर्ण पदक, खुशबू चढ़ार ने 3000 मीटर में स्वर्ण पदक एवं 1500 मीटर में रजत पदक एवं वर्षा अहिरवार ने 200 मीटर दौड़ एवं शॉट पुट में रजत पदक जीतकर क्षेत्र का नाम नाम रोशन किया है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर बीपीसीएल एवं समन्वय मंडपम के प्रशिक्षकों और सदस्यों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

श्रुतधाम में मना मुनिश्री सरल सागर महाराज का 44वां दीक्षा दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

श्रुततीर्थ श्रुतधाम में मंगलवार को धार्मिक निष्ठा, संयम और मैत्री भावना के साथ विविध आयोजन संपन्न हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ इटावा जैन मंदिर से श्रुतधाम तक निकली श्रीजी की रथयात्रा के साथ हुआ। परिसर में मुनिश्री सरल सागर महाराज का 44वां संयम महोत्सव एवं दीक्षा दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। रिटायर्ड रेल कर्मचारी आरके जैन ने बताया कि मुनिश्री सरल सागर महाराज ने अपने मंगल प्रवचन में संयम, आत्मशुद्धि, अहिंसा और आध्यात्मिक जीवन के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान सामूहिक क्षमावाणी एवं मैत्री महोत्सव का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने आपसी मनमुटाव भुलाकर प्रेम और सद्भाव से रहने का संकल्प लिया।



ज्ञान व पांडुलिपि संरक्षण का केंद्र है श्रुतधाम

बाल ब्रह्मचारी संदीप 'सरल' भैया के प्रयासों से स्थापित श्रुतधाम धार्मिक केंद्र के साथ-साथ शोध का भी प्रमुख केंद्र है। यहां स्थापित शोध केंद्र में प्राचीन जैन साहित्य व पांडुलिपियों के संरक्षण, अध्ययन और शोध का कार्य किया जा रहा है, जो जैन ज्ञान-परंपरा को नई पीढ़ी व अकादमिक जगत से जोड़ने में अहम भूमिका निभा रहा है।



आंगनबाड़ी केंद्र प्राणपुर में आंगन मिलन कार्यक्रम का किया गया आयोजन

अशोकनगर। जिले की चंदेरी विकासखंड के ग्राम प्राणपुर में मंगलवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगनबाड़ी केंद्र पर आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने मातृशक्ति एवं नन्हे-मुन्नों के साथ आत्मीय संवाद किया। उन्होंने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। इस अवसर पर बच्चों के बीच लाड़ली लक्ष्मी योजना के प्रमाण पत्र वितरण किए गए तथा मातृशक्ति के सम्मान एवं स्वस्थ-सुखद भविष्य की मंगलकामना के साथ कार्यक्रम संपन्न कराया। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविका एवं सहायिकाओं तथा माताओं को सम्मानित कर उनके समर्पण, सेवा और महत्वपूर्ण योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र केवल पोषण और प्रारंभिक शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य और मातृशक्ति के सशक्तिकरण की मजबूत नींव हैं। हमारा संकल्प है कि समाज के अंतिम पायदान तक सेवा, सम्मान और विकास का लाभ पहुंचे। उन्होंने कहा कि सेवा का यह संकल्प निरंतर जारी रहेगा।

लॉ कॉलेज में प्रैक्टिकल के नाम पर अनैतिक दबाव और बाहरी तत्वों के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय सहित जिले के अन्य शिक्षण संस्थानों और विद्यालयों में जारी अवैध राजनीतिक गतिविधियों, परिसरों के दुरुपयोग तथा छात्रों पर बनाए जा रहे अनुचित दबाव के विरोध में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने राज्यपाल के नाम कलेक्टर अशोकनगर को एक ज्ञापन सौंपा। एनएसयूआई पदाधिकारियों ने ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन का ध्यान शिक्षण संस्थानों में फैल रहे गंभीर नियमों के उल्लंघन, व्यापक राजनीतिकरण और छात्रों के हो रहे मानसिक व शैक्षणिक शोषण की ओर आकर्षित किया।



ज्ञापन में उठाए गए मुख्य मुद्दे और गंभीर आरोप

शासकीय कार्यालय का राजनीतिक दुरुपयोग शासकीय नेहरू पीजी कॉलेज में क्रीड़ा अधिकारी के कक्ष/चेंबर में लगातार एक विशिष्ट छात्र संगठन के पदाधिकारियों को संरक्षण दिया जा रहा है। उक्त शासकीय कक्ष को अनधिकृत रूप से उनके कार्यालय की तरह संचालित किया जा रहा है, जो कि पूर्णतः असंवैधानिक और नियम विरुद्ध है। लॉ कॉलेज के प्रभारी द्वारा विशिष्ट छात्र संगठन की सदस्यता दिलाने के लिए छात्रों पर अनुचित दबाव बनाया जा रहा है। प्रैक्टिकल व मौखिकी के नाम पर छात्रों को बुलाकर संगठन की सदस्यता लेने के लिए विवश किया जा रहा है और न मानने पर शैक्षणिक नुकसान पहुँचाने की धमकी दी जा रही है विद्यालयों व महाविद्यालयों का राजनीतिकरण केवल कॉलेज ही नहीं, बल्कि स्कूली स्तर पर भी शासकीय कार्यक्रमों में राजनीतिक छात्र संगठन के पदाधिकारियों को मुख्य अतिथि या विशिष्ट अतिथि बनाकर बुलाया जा रहा है, जिससे शैक्षणिक वातावरण दूषित हो रहा है। महाविद्यालय परिसर में गैर-छात्रों और बाहरी असामाजिक तत्वों का निर्बाध प्रवेश बना हुआ है, जिससे आम छात्र-छात्राओं की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

एनएसयूआई की प्रमुख मांगें

1 शासकीय संपत्ति का दुरुपयोग बंद हो नेहरू पीजी कॉलेज के क्रीड़ा अधिकारी के कक्ष से बाहरी व्यक्तियों को तुरंत बाहर किया जाए।

2 परिसर में राजनीतिक गतिविधियों पर रोक लगे तथा इसमें संलिप्त अधिकारियों पर कठोर प्रशासनिक कार्रवाई की जाए।

3 निष्पक्ष जांच व कार्रवाई प्रैक्टिकल के नाम पर छात्रों पर सदस्यता का दबाव बनाने वाले लॉ कॉलेज प्रभारी के खिलाफ निष्पक्ष जांच समिति गठित कर उन्हें तत्काल पदमुक्त किया जाए।

4 ग़ैर-छात्रों का प्रवेश प्रतिबंधित हो जो कॉलेज के नियमित छात्र नहीं हैं, उनके परिसर में प्रवेश पर पूर्णतः रोक लगाई जाए ताकि असामाजिक तत्वों को रोका जा सके।

5 राजनीति मुक्त शैक्षणिक परिसर सभी विद्यालयों व महाविद्यालयों के शासकीय कार्यक्रमों में दलीय छात्र संगठनों के पदाधिकारियों को अतिथि बनाने पर रोक लगे और भयमुक्त, पारदर्शी शैक्षणिक माहौल निर्मित किया जाए।

सेवा संकल्प अभियान 2026 के तहत किया गया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अशोकनगर में सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत सेवा मेरा योगदान थीम के तहत वृक्षारोपण गतिविधि का आयोजन किया गया। यह गतिविधि पर्यावरण संरक्षण एवं जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित एक पेड़ माँ के नाम अभियान का भी हिस्सा रही।

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. विजय सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस गतिविधि का संचालन ईको क्लब के सौजन्य से डॉ. दीक्षा भट्ट के नेतृत्व में किया गया। महाविद्यालय के प्रवेश द्वार के आसपास 20 पौधों का रोपण किया गया, जिसमें नीम, अशोक एवं पारस पीपल जैसे पर्यावरणीय दृष्टि से उपयोगी पौधे शामिल रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. पी. के. सुराना, डॉ. अर्चना प्रसाद सहित अन्य समस्त शैक्षणिक स्टाफ ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। लगभग 50 विद्यार्थियों ने भी सक्रिय रूप से वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम में ईको क्लब के सदस्यों का विशेष योगदान रहा। संगीता अहिरवार एवं प्रवीण कौशिक ने गतिविधि के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अरविंद कौशिक ने मीडिया प्रभारी के रूप में कार्यक्रम के छायांकन एवं मीडिया संबंधी दायित्वों का निर्वहन किया। वृक्षारोपण के दौरान उपस्थित विद्यार्थियों एवं महाविद्यालयीन स्टाफ ने लगाए गए पौधों की देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, हरित परिसर तथा वृक्षों के महत्व के प्रति जागरूक किया गया।



भाजपा छोड़ युवाओं ने थामा कांग्रेस का दामन, सदस्यता ग्रहण की

ईसागढ़। भारतीय जनता पार्टी को बड़ा झटका देते हुए कई दर्जन कार्यकर्ताओं एवं युवाओं ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में आयोजित सदस्यता कार्यक्रम में नवागत कार्यकर्ताओं का स्वागत किया गया।

अशोकनगर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुशवाह एवं सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाह ने नवागत कार्यकर्ताओं एवं युवाओं को माला पहनाकर कांग्रेस परिवार में शामिल किया और पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष मानवेन्द्र सिन्हा ने कहा कि युवा, छात्र, किसान, महिला, मजदूर और व्यापारी सहित हर वर्ग भाजपा सरकार की नीतियों से त्रस्त है। यही वजह है कि लगातार लोगों का रुझान कांग्रेस की ओर बढ़ रहा है और बड़ी संख्या में युवा पार्टी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी सभी वर्गों के लोगों को कांग्रेस से जोड़ने की मुहिम जारी रहेगी। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अवधेश लोधी, मंडल अध्यक्ष पन्नालाल सेन सहित कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं ईसागढ़ कांग्रेस सेक्टर अध्यक्ष देवेंद्र कुशवाह ने नवागत कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

पीएम श्री स्कूल लोगर के विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक भ्रमण, आईटी एवं सिलाई ट्रेड की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोगर के विद्यार्थियों ने व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत औद्योगिक भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने बृज किशोर पटेरिया आईटीआई, बेसरा एवं आजीविका मिशन मालथौन का भ्रमण कर विभिन्न गतिविधियों एवं रोजगारपरक प्रशिक्षण की जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने आईटी एवं सिलाई ट्रेड से संबंधित प्रशिक्षण, कार्यप्रणाली और रोजगार की संभावनाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी ली। विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण केंद्रों में चल रही गतिविधियों को नजदीक से देखा और प्रशिक्षकों से विभिन्न विषयों पर जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर विद्यालय की ओर से आशुतोष सोनी, नितिन साहू, प्रीति साहू एवं प्राचार्य हरिराम अहिरवार विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहे।



आईटीआई के पूरे स्टाफ ने विद्यार्थियों को आईटी क्षेत्र से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां सरल एवं रोचक तरीके से प्रदान कीं। वहीं आजीविका मिशन मालथौन के स्टाफ के साथ विद्यार्थियों को विभिन्न गतिविधियों एवं कौशल विकास से जुड़ी अनेक उपयोगी बातें सीखने का अवसर मिला। औद्योगिक भ्रमण से विद्यार्थियों को कक्षा में प्राप्त सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक रूप से समझने तथा



भविष्य में कौशल आधारित रोजगार के अवसरों के प्रति जागरूक होने में सहायता मिली।